**समय : २.०० घंटे** **पूर्णांक : ६०**

**सूचना : १. सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**२. उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक, उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।**

**प्रश्न १. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (४०)**

(क) आधुनिक काल के सामाजिक, राजनितिक और आर्थिक परिवेश को रेखांकित कीजिए।

(ख) भारतेंदु युग की संक्षिप्त जानकारी देकर उस युग की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) हिंदी साहित्य की विधाओं में से 'उपन्यास' विधा के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालिए।

(घ) यात्रा वृत्तांत, डायरी और पत्र का विस्तार से वर्णन कीजिए।

**प्रश्न २. निम्नलिखित में से किन्ही दो पर टिप्पणियाँ लिखिए। (१०)**

(च) आधुनिक काल की सीमा निर्धारण।

(छ) नई कविता।

(ज) हिंदी कहानी – प्रेमचंद युग।

(झ) आलोचना।

**प्रश्न ३. (ट) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (०५)**

i) ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी?

ii) सन १९७० के बाद की कविता को किस नाम से पुकारा जाता है?

iii) सन १९०३ में 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन किस विद्वान ने अपने हाथ में लिया?

iv) इंशा अल्ला खां द्वारा रचित कहानी का नाम क्या है?

v) 'मेरा जीवन प्रवाह' आत्मकथा के लेखक कौन है?

**प्रश्न ३. (ठ) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। (०५)**

i) पुनर्जागरण काल कब से माना गया है?

अ) १९००-१९१८ आ) १८५७-१९००

इ) १८५०-१८९९ ई) १९१८-१९३८

ii) प्रयोगवाद का प्रारंभ किस सप्तक के प्रकाशन से हुआ?

अ) तार सप्तक आ) दूसरा सप्तक

इ) तीसरा सप्तक ई) चौथा सप्तक

iii) प्राणचंद चौहान कृत नाटक है -

अ) रामायण महानाटक आ) भारतेंदु हरिश्चंद्र

इ) अमानत ई) बालकृष्ण बट्ट

iv) बनारसीदास जैन द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम बताइए?

अ) अपनी खबर आ) मेरी जीवन यात्रा

इ) अतीत के चलचित्र ई) अर्द्धकथा

v) महादेवी वर्मा का कौनसा रेखाचित्र है?

अ) सेतुबंध आ) पथ के साथी

इ) माटी की मूरते ई) प्राणों का सौदा

**********



XSAGARDADMINY6469CAXSAGARDADMINY6469CA